प्रादेशिक समाचार
13.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज राज्य के विभिन्न हिस्सों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि दोपहर एक बजे तक 46 दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चरण में 15 जिलों में फैले तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हो रहा है।

पहले चरण में 31 सीटों के नौ सौ पचास संवेदनशील बूथों को छोड़कर अन्य सभी जगहों पर मतदान शाम 5 बजे खत्म होगा, जबकि अति संवेदनशील बूथों पर मतदान शाम 4 बजे तक होगा। एक करोड़ 37 लाख से अधिक मतदाता 73 महिलाओं सहित 683 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए कई मॉडल बूथ भी बनाये गये हैं। आज के मतदान के साथ ही राज्य की 81 में से आधे से अधिक सीटों के लिए जनता का जनादेश ईवीएम में कैद हो जायगा। नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे।

******************

रामगढ़ जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र. के लिए भी आज मतदान प्रक्रिया चल रही है।

******************

खूंटी जिले के तोरपा विधानसभा क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण में मतदानकर्मी वोटिंग करा रहे हैं।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में उत्साह के साथ मतदान का आग्रह किया है। प्रधामनंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पहली बार वोट देने जा रहे युवा वोटरों को बधाई दी। उन्होंने मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान का मंत्र याद दिलाया।

******************

पहले चरण के विधानसभा चुनाव में 683 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में कोल्हान, पलामू और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कई कद्दावर नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, डा. रामेश्वर उरांव, रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ और बैद्यनाथ राम शामिल हैं। इनके अलावा पूर्व मंत्री सरयू राय, सीपी सिंह, कमलेश सिंह, रामचन्द्र चन्द्रवंशी, के0 एन0 त्रिपाठी, राधाकृष्ण किशोर, गिरिडीह सिंह, सुदर्शन भगत, समीर उरांव और अरूण उरांव समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

******************

विधानसभा चुनाव की 38 सीटों के लिए 20 नवंबर को होनेवाले चुनाव को लेकर प्रचार तेज हो गया है। प्रधानमंत्री सह भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी ने देवघर जिले के सारठ विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि विदेशी घुसपैठ झारखंड की सबसे बड़ी चिंता है।

कोयलांचल और संताल के चुनावी समर को जीतने के लिए इंडी गठबंधन ने भी जोर लगा दिया है। आज भी गठबंधन के नेता चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने मोर्चा संभाल रखा है। कल्पना सोरेन भी प्रचार में खूब पसीना बहा रही हैं। कांग्रेस और अन्य दलों के नेता तथा प्रत्याशी भी चुनावी महासंग्राम को जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को नोटिस जारी किया है। पूर्व क्रिकेटर मिहिर दिवाकर की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने धौनी को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। धौनी ने मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या विश्वास के खिलाफ 15 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज करायी है। मिहिर दिवाकर ने इस शिकायतवाद के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

********समाप्त********